## संक्षिप्त

### खैरथल में सुरक्षा बल तैनात

**खैरथल**, (निसं)। पड़ोसी प्रांत हरियाणा के नुहू में ब्रजमंडल यात्रा के दौरान उपजे तनाव के हालात के मद्देनजर खैरथल क्षेत्र में भी सुरक्षा बल तैनात किया गया है। इस के अलावा खुफिया तंत्र व मुखबिरों को अलर्ट कर दिया गया है। भिवाड़ी पुलिस जिला के एसपी विकास कुमार के निर्देशानुसार खैरथल किशनगढ़ बास में आरएसी की एक एक बटालियन लगाई गई है। डीएसपी जयप्रकाश बेनीवाल ने बताया कि एसपी के निर्देशानुसार खैरथल में बहरोड से आईआरएसी की नवी बटालियन को लगाया गया है जबकि किशनगढ़ बास में जयपुर से आई आर ए सी की बटालियन को लगाया गया है एक बटालियन में 100 जवान व 25 पुलिसअधिकारी तैनात हैं।

### 31 लोगों को पट्टे दिए

**निवाई**, (निसं)। स्थानीय नगरपालिका में बुधवार को पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी एवं अधिशाषी अधिकारी महिमा डांगी द्वारा पट्टे वितरित किए गए। नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि, सरकार की मंशा है कि प्रत्येक व्यक्ति को मालिकाना हक मिले। उन्होंने आव्हान करते हुए कहा कि नगरपालिका के सभी वार्डों के लोग अधिक से अधिक पट्टे बनवाएं। नगरपालिका द्वारा शहर के चहुंमुखी विकास में कोई कसर नहीं छोडी जाएगी। इसको लेकर सभी पार्षद एवं कर्मचारी टीम भावना से कार्य कर रहे हैं। अधिशाषी अधिकारी महिमा डांगी ने बताया कि 31 लोगों को पट्टे दिये गये हैं।

### फरार आरोपी गिरप्तार

**फागी**, (निसं)। पोक्सो एक्ट में सात माह से फरार चल रहे आरोपी को फागी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी भंवर लाल वैश्णव ने बताया कि पोक्सो एक्ट के मामले में पीड़िता को सूरत गुजरात से दस्तयाब किया था। वहीं आरोपी मनीष उर्फ कालू पुत्र प्रेम चन्द बैरवा निवासी नीमेडा फागी को गिरफ्तार कर प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

# चौरु में लोक देवता घास भैरु की सवारी निकाली

**उनियारा/चौरु**, (निसं)। उनियारा उपखण्ड क्षेत्र के चौरु कस्बे में लोक देवता घास भैरू की सवारी निकाली गई। मान्यता है कि इनकी सवारी निकालने से क्षेत्र में बीमारियां नहीं फैलती हैं और अच्छी बारिश होती है, जिससे फसलें लहलहाने लगती हैं।

माना जाता है कि इससे घास भैरू इंद्र देव के पास जाकर बारिश करवाते हैं। इस दौरान बालाजी मंदिर व कंकाली माता मंदिर से रवाना होते हुए देलवाल परिसर में मुख्य रोड से होते वापिस बालाजी मंदिर के पास गांव पैरों की सवारी पहुंच जाती है की सवारी निकालते हुए बस जो कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरती हुईं अपने गन्तव्य पहुंचकर सम्पन्न हुई। सवारी के दौरान युवा घास भैरू को आसन पर विराजमान कर रस्सियों पर जोर लगाते और जयकारे लगाते नजर आए। सवारी घरों के सामने से गुजरी तो लोगों ने अगरबत्ती जलाकर और तेल, प्रसाद आदि अर्पण कर पूजा की। इस मौके पर ग्रामीण अपने घरों में बीमारियों से बचाव के लिए मिट्टी दरवाजों पर लगाते नजर आए। वहीं जगह-जगह नारियल और प्रसाद चढ़ाकर घास भेरू जी की पूजा अर्चना की कई। शोभा यात्रा का लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया। क्षेत्र में अच्छी बारिश और मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए पुराने समय से ही गांव में घास भेरू जी की सवारी निकाली जाती है।



लोक देवता घास भैरू की निकली सवारी की लोगों ने पूजा की।

**बरसों से चली आ रही है परंपरा** : घास भैरू की सवारी निकालने की परंपरा गांव में ही नहीं राजस्थान में वर्षों से चली आ रही है। जब राजस्थान में राजाओं का शासन था तब से गांव में खुशहाली और बीमारियों से रक्षा के लिए घास भेरू की सवारी निकाली जाती थी। उसके लिए गांव में जगह जगह मंदिरों के बाहर औषधी मेखला बांधी जाती थी। घास भेरू की सवारी जब इन मेखलाओं के नीचे से गुजरती थी तो उसके पीछे सारे गांव के लोग भी गुजरते थे। इन मेखलाओं में विभिन्न जड़ी बूटियों और आयुर्वेदिक वृक्षों की पत्तियों को बांधा जाता था। जिसके नीचे गुजारने से कई मौसमी रोग ठीक हो जाया करते थे। घास भैरू एक बड़ा सा पत्थर का बना होता है जिसके ऊपर कामी पाठा लगाया होता है। इसे लकड़ी के टुकड़ों पर सवार कर सारे गांव वाले अपने बैलों के साथ या फिर ग्रामवासी द्वारा इसे खींचते हुए गांव के एक छोर से दूसरे छोर पर ले जाते हैं। अगले वर्ष उस छोर से पुनः इस छोर पर लाते हैं। गांव के बाहर घास भेरू की विशेष पूजा अर्चना की जाती है सारे गांव वाले इस पर शराब चढ़ाते हैं माना जाता है कि घास भैरू गांव की प्राकृतिक आपदाओं और महामारी से रक्षा करता है।

- बीमारियां दूर होने और अच्छी बारिश की कामना की

### महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाने की मांग

**अलवर**, (निसं)। सर्व समाज संघर्ष समिति के तत्वावधान में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर अलवर को ज्ञापन देकर मोती डूंगरी अलवर स्थित महाराणा प्रताप पार्क में महाराणा प्रताप की मूर्ति लगवाई जाने की मांग की गई।

नगर विकास न्यास अलवर की 16 अक्टूबर 2017 को आयोजित 289 बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं न्यास के अधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति उक्त विषय पर प्रस्ताव लेकर निर्माण कार्य की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई थी । किंतु राजनीतिक विरोधाभास के कारण महाराणा प्रताप की मूर्ति को अभी तक नहीं लगाया गया है। जबकि चालीस लाख रुपए की लागत से महाराणा प्रताप पार्क का निर्माण तो कर दिया गया परंतु पार्क में तीस लाख रूपए की लागत से प्रस्तावित महाराणा प्रताप की मूर्ति का सप्लाई फिक्सिंग कार्य अभी तक राजस्थान सरकार एवं जिला प्रशासन स्तर पर लंबित है। लंबे समय से महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित नहीं होने के कारण सर्वसमाज में रोष व्याप्त है । सर्व समाज ने मांग करते हुए कहा कि जल्दी महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाई जाए। जिला कलेक्टर ने उक्त विषय में मामला कोर्ट में बताया तथा कोर्ट मामले की प्रति देने के लिए कहा।

## सार-समाचार

### ए.बी.वी.पी. न्याय पदयात्रा निकालेगी




**कोटपूतली**, (निसं)। प्रदेश की कांग्रेस सरकार के शासन में हुए पेपरलीक, महिला उत्पीड़न, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी आदि मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा न्याय पद यात्रा का गुरूवार से आयोजन किया जायेगा। गुरूवार 3 अगस्त से 10 अगस्त तक करौली से प्रारंभ होकर कुडगांव, गंगापुर, पिपलाई, लालसोट, तुंगा, बस्सी व घाट की घुनी होते हुए राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर तक न्याय पदयात्रा का आयोजन किया जायेगा। जिला संयोजक अनमोल गोयल, एसएफएस प्रान्त संयोजक भीमसिंह पायला व नगर मंत्री देवेन्द्र आर्य ने बताया कि राजस्थान में जंगलराज चरम पर है। अपराध में राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य बन गया है। जिला संयोजक अनमोल गोयल ने बताया कि न्याय पदयात्रा में प्रदेश में कानून व्यवस्था सुचारु रुप से लागू लागू हो व गुंडाराज खत्म हो। महिला सुरक्षा हेतु एक कठोर कानून बने विश्वविद्यालय महाविद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगे व महिला सुरक्षाकर्मी लगाये जाये। सरकार सभी विवादास्पद प्रतियोगी परीक्षा भर्तियों को रद्द कर उनकी सीबीआई जांच करें और उन्हें इसी वर्ष में भर्तियां निःशुल्क कराई जाये।

### कांग्रेस की संगठनात्मक मजबूती बैठक समाप्ति पर चले लात घूंसे

**बहरोड़/अलवर**, (निसं)। बहरोड़ कस्बे के सुरभि मैरिज होम में आयोजित कांग्रेस की संगठनात्मक मजबूती की बैठक में पहुंचे अलवर जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा सहित प्रभारी प्रकाश गंगावत एवं विधानसभा प्रभारी अर्चना सुराणा के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रदेश उपाध्यक्ष बस्तीराम यादव, जिला पार्षद संजय यादव, पूर्व प्रधान सुमन यादव, ब्लॉक अध्यक्ष विकास यादव एवं कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर आरसी यादव आदि वरिष्ठ सहित ब्लॉक स्तर के पार्टीगत लोगों द्वारा बैठक के सफल होने के बाद कार्यक्रम की समाप्ति पर यूथ कार्यकर्ताओं को उकसाकर डॉ आर सी यादव द्वारा पार्टी की छवि को खराब करते हुए तू तू मैं मैं की स्थिति पैदा कर यूथ कार्यकर्ताओं में लात घूंसे चलवा दिए। जिसके बारे में अलवर जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि कार्यक्रम की समाप्ति के बाद पार्टी की छवि को खराब करने वाले लोगों के खिलाफ प्रदेश कार्यालय एवं एआईसीसी के भंवर जितेंद्र सिंह पूर्व सांसद अलवर सहित उच्च स्तरीय को लिखित शिकायत कर अनुशासनात्मक कार्यवाही में कठोर रुख अपनाते हुए पार्टीगत कार्यवाही की जाएगी।

### स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण जारी

**चाकसू**, (निसं)। उपखंड अधिकारी के स्थगन आदेश के बावजूद भी विवादित भूमि पर निर्माण कार्य जारी है। न हीं राजस्व विभाग न हीं पुलिस विभाग की ओर से कोई कार्रवाई की जा रही है। पीड़ित व्यक्ति अधिकारियों के दफ्तरों में चक्कर काट रहा है लेकिन निर्माण रोकने की जहमत नहीं उठाई जा रही है। चाकसू थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत टुमली का वास में प्रार्थी शांति देवी निवासी सिमलियावास चाकसू की कृषि भूमि है उक्त भूमि पर तकाशमें को लेकर पारिवारिक विवाद होने के कारण उपखंड अधिकारी चाकसू द्वारा दोनों पक्षों को किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं कराने को लेकर स्थगन आदेश मिले हुए हैं। लेकिन अप्रार्थी जगदीश पुत्र गोविंद नारायण पुत्र जगदीश यादव जबरन निर्माण कार्य करा रहा है जब प्रार्थी ने निर्माण कार्य के लिए मना किया तो गाली गलौज और मारपीट पर उतारू हो गया। मामले को लेकर प्रार्थी की ओर से स्थानीय थाने में 8 जुलाई को प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। पीड़िता शांति देवी ने बताया कि उपखंड अधिकारी के स्थगन आदेश एवं चाकसू थाने में प्राथमिकी के बावजूद भी थाने की पुलिस निर्माण कार्य रुकवाने की रूचि नहीं ले रही है।

### मूलचंद लुणिया नये एसडीएम होंगे

**पावटा**, (निसं)। जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं वैसे-वैसे यहां कार्यरत पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का भी स्थानान्तरण किये जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रशासनिक बेड़े में राज्य सरकार द्वारा मंगलवार को फेरबदल कर दिया गया। यहाँ पूर्व से रिक्त चल रहे एसडीएम पद पर मूलचंद लुणिया को सुजानगढ़ चुरू से स्थानान्तरण कर पावटा लगाया गया है। इसी प्रकार यहाँ तहसीलदार पद पर कार्यरत ओम प्रकाश गुर्जर की सेवा निवृत्ति के बाद रिक्त पद पर अजयपाल यादव को लगाया गया है। वहीं पावटा पंचायत समिति विकास अधिकारी राकेश वर्मा का स्थानान्तरण कर उन्हे नीम राणा अलवर लगाया गया है व उनकी जगह सुरेश पारिक पीपराली सीकर को पावटा पंचायत समिति विकास अधिकारी के पद पर लगाया गया है।

### ओलम्पिक खेलों का आयोजन पांच से

**लालसोट**, (निसं)। उपखण्ड क्षेत्र सहित पूरे जिले भर में राजीव गांधी ग्रामीण, शहरी ओलम्पिक खेलों का आयोजन पांच अगस्त को किया जायेगा। इस संबंध में उक्त प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए शहरी क्षेत्रों में समय पर खेल मैदान तैयार करवाना जाना खेल सामग्री क्रय कर संबंधित स्कूलों उपलब्ध करवाने के एवं उद्घाटन व समापन समारोह आयोजित करवाना सुनिश्चित करने संबंधी दिशा निर्देश जिला कलेक्टर द्वारा जारी किए गए। विकास अधिकारी द्वारा खेल आयोजन हेतु ग्राम विकास अधिकारियों ग्रामीण क्षेत्रों में मैदान तैयार करवाने जाने हेतु निर्देशित करना एवं उद्घाटन समारोह में आयोजन हेतु ग्राम विकास अधिकारियों को सहयोग करने हेतु निर्देशित करेंगे।

### सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया

**श्रीमाधोपुर**, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम मऊ में चौपाटी वाले बालाजी मंदिर परिसर में सामूहिक हनुमान चालीसा के पांच पाठों का गुणगान हुआ।

राकेश चुलेट ने बताया कि पंडित दीपक पाराशर के सानिध्य में भगवान के समक्ष दीप प्रज्वलित कर, हनुमानजी महाराज को भोग लगाकर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पंडित शंकर मिश्रा के सानिध्य में बालाजी मित्र मंडली द्वारा शंखनाद किया गया व ग्राम के विद्वान पंडितों के द्वारा स्वस्ति वाचन किया। आयोजन समिति सदस्य कमलेंद्र सिंह शेखावत, विकाश तिवाड़ी ने बताया कि बालाजी मित्र मंडली टीम मऊ द्वारा मंदिर परिसर व मुख्य बाजार को भगवा ध्वजों, रंगीन गुब्बारे से सजाया गया। सर्वप्रथम बालाजी मित्र मंडली मऊ द्वारा गणेश वंदना, हनुमान भजन के साथ हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ किया गया।

# गहलोत ने बेटे को बचाने के लिए लांघ दीं सारी मर्यादाएं : शेखावत

## लाल डायरी के तीन पेज सामने आने पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने मुख्यमंत्री पर साधा निशाना

**जयपुर**। पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा के लाल डायरी के तीन पेज जारी करने के बाद केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधा। शेखावत ने कहा कि अशोक गहलोत ने अपने बेटे को बचाने के लिए सारी मर्यादाएं लांघ दी हैं। लाल डायरी में लिखे गए तथ्यों को खारिज नहीं किया जा सकता।

बुधवार को सिलसिलेवार ट्वीट्स में शेखावत ने कहा कि आरसीए चुनाव में लेन-देन की बातें जिस तरह से लिखी गई हैं, कोई इस तरह का काल्पनिक घटनाक्रम नहीं रच सकता, यानी डायरी के तथ्य फर्जी नहीं हैं। डायरी बता रही है कि वैभव गहलोत आरसीए चुनाव के लेन-देन में शामिल रहे और इसलिए सीएम साहब को इसके सामने आने की चिंता थी। गुढ़ा जी के बताए एक-एक तथ्य की जांच होनी चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने लाल डायरी के पन्ने सामने लाकर एक सच तो साबित कर दिया कि गहलोत ने विधानसभा में गुंडागर्दी क्यों कराई? डायरी में उनके बेटे वैभव गहलोत का भी नाम है। सीएम साहब ने अपने बेटे का राजनीतिक करियर बनाने के लिए सारे हथकंडे अपनाए हैं, हो सकता है डायरी में इससे जुड़े राज छिपे हों, तभी तो उन्हें डर लग रहा है।

शेखावत ने यह भी कहा कि, लाल डायरी इस समय का सबसे बड़ा मुद्दा है। गहलोत के खास रहे राजेंद्र गुढ़ा जैसे खुलासे कर रहे हैं, उससे राज्य सरकार की लोकतांत्रिक नैतिकता पर सवाल उठ रहा है। जनता सोच रही है "इतनी हेर-फेर करने वाला राज्य का मुखिया कैसे बना रह सकता है"। केंद्रीय मंत्री ने तंज कसा कि गहलोत जी इस्तीफा नहीं देने वाले, लेकिन कांग्रेस आलाकमान क्या कर रहा है? क्या गहलोत जी के पास भी गांधी परिवार की कोई डायरी है, जिसके कारण इतनी फजीहत के बाद भी वे पद पर बने हुए हैं?

- शेखावत ने पूछा, क्या गहलोत के पास भी गांधी परिवार की कोई डायरी है?

# कांग्रेस के मंत्री-विधायकों के बेटे व भतीजों पर दुष्कर्म के मामले : अनिता भदेल

- 'कठूमर विधायक बाबूलाल बैरवा के भतीजे पर दुष्कर्म का आरोप, पीड़िता और पति के साथ मारपीट, एसपी के आदेश पर मामला दर्ज'
- गहलोत सरकार महिलाओं की सुरक्षा में पूरी तरह फेल, महिलाओं को खुद ही अपनी रक्षा करनी होगी : संतोष अहलावत

**जयपुर**। विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनिता भदेल और प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष अहलावत ने प्रदेश कार्यालय पर प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान विधायक अनिता भदेल ने कहा कि, शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले भाजपा के लोगों पर लाठीचार्ज करने के बजाय लूट, हत्या और दुष्कर्म के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते तो सही होता। गहलोत सरकार के मंत्रियों और विधायकों के बेटे भतीजे और रिस्तेदार खुद दुष्कर्म के आरोपी हैं। अलवर के कठूमर विधायक बाबूलाल बैरवा के भतीजे ने एक महिला से दुष्कर्म किया और उसके बाद पीड़ित महिला को थाने जाने से रोका जाता है डराया धमकाया जाता है। जब थाने में मामला दर्ज नहीं हो पाया तो पीड़ित महिला एसपी के पास फरियाद लेकर जाती है तब जाकर रात 12 बजे मामला दर्ज होता है।

विधायक अनिता भदेल ने कहा कि, महिला दुष्कर्म और उत्पीड़न के मामलों के अलावा प्रदेश में नशे और चाईल्ड पोर्नोग्राफी के मामले भी सामने आ रहे हैं। जयपुर में चाईल्ड पोर्नोग्राफी के वीडियो वायरल हो रहे हैं। जिसको लेकर आज के समाचार पत्रों में खबर भी आई है। नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के तहत सचिवालय महाघेराव प्रदर्शन को लेकर गहलोत सरकार के मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास कहते हैं कि प्रदर्शन फीका रहा। फिर कहते हैं कि भाजपा के लोगों से पूरा शहर जाम हो गया। इसका मतलब मंत्री मानते हैं कि बड़ी संख्या में लोग प्रदर्शन में पहुंचे थे।

विधायक अनिता भदेल ने कहा कि भाजपा के नेताओं पर बर्बर लाठीचार्ज किया जाता है। जिसमें भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र गोठवाल के सर में चोट आई और सिटी स्कैन किया गया। कांग्रेस सरकार से पूछना चाहती हूं कि प्रदेश में प्रतिदिन लूट हत्या और दुष्कर्म के इतने अपराध हो रहे हैं इन पर कार्रवाई कब होगी। कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे राजेंद्र गुढ़ा ने आज लाल डायरी खोलकर मुख्यमंत्री के बेटे वैभव गहलोत को आरसीए अध्यक्ष बनाने के लिए भ्रष्टाचार का कच्चा चिट्ठा खोला। जिसमें धर्मेंद्र राठौड और भवानी सामोता के बीच आरसीए चुनावों में पैसों के लेनदेन और भ्रष्टाचार को खुलेआम बताया है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष अहलावत ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में दुष्कर्म और महिला उत्पीडन के मामले इस कदर बढे हैं कि कोई भी माता पिता अपने बच्चों को घर से बाहर भेजने से भी डरता है। ॰ अब समय आ गया प्रदेश की महिलाओं को इस निर्लज्ज सरकार से आस छोडकर खुद ही अपनी रक्षा करनी पडेगी।

### जनसंवाद व कार्यकर्ता सम्मान समारोह

**मालपुरा**, (निसं)। विधानसभा चुनाव 2023 में बीजेपी व कांग्रेस दोनों ही प्रमुख राजनैतिक पार्टियों से चुनाव लड़ने वाले दावेदारों की सूची दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। चुनाव में ताल ठोक रहे नेताओं ने गांव-ढाणी में जनसम्पर्क व नुक्कड सभाओं के माध्यम से मतदाताओं से मिल गांव की समस्याऐं सुन समस्या समाधान में जुटे हुए हैं।

बुधवार को पूर्व उपजिला प्रमुख अवधेश शर्मा द्वारा टोडारायसिंह मुख्यालय पर जनसंवाद व कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उमडी युवा शक्ति ने खुलकर दोनों हाथ उठा स्थानीय व युवा अवधेश शर्मा के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। समारोह में मौजूद युवा शक्ति के साथ-साथ अपार जनसमुह व कांग्रेस के कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अवधेश शर्मा ने क्षेत्रिय भाजपा विधायक कन्हैयालाल चौधरी पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि दस सालों से विधायकी का सुख भोग रहे विधायक से इस बार क्षेत्र की जनता व मतदाता पाई-पाई का हिसाब लेंगे। समारोह में 300 से अधिक युवा व पार्टी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। समारोह स्थल से ज्योतिबा फुले सर्किल तक रैली निकाल माल्यार्पण किया गया। तो मौजूद नारी शक्तियो ने कांग्रेस सरकार द्वारा महिलाओं को रोडवेज बसों मे 50 प्रतिशत किराया कम करने व स्मार्ट फोन जैसी योजनाऐं चलाने की प्रशंषा कर इस बार कांग्रेस के पक्ष मे मतदान का संकेत दिया।

- 300 से अधिक युवा व पार्टी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया

### नशा मुक्ति शिविर संपन्न

**टोंक**, (निसं)। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और ब्रह्माकुमारी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे। "नशा मुक्त भारत अभियान" के तहत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा टोंक के राजयोग भवन में तीन दिवसीय नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अनेक नशा ग्रसित व्यक्तियों ने नशा छोड़ने का दृढ़ संकल्प लिया।

इस कार्यक्रम में राजयोग सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने कहा कि, सभी प्रकार के नशे एक दूसरे से जुड़े हुए हैं अतः एक नशे के आने से दूसरे नशे की संभावना बढ़ जाती है। नशा करने वाला व्यक्ति स्वयं के जीवन को तो बर्बाद करता ही है साथ ही समाज में नकारात्मकता को भी बढ़ाता है जिसका परिणाम आज हम सब प्रत्यक्ष में देख रहे हैं। टोडारायसिंह सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी ने कहा कि नशा व्यक्ति के दिल और दिमाग में इतना हावी हो जाता है कि वह उसको छोड़ना चाहता है परन्तु अनेक प्रयास करने के बाद भी वह नशा नहीं छोड़ पाता है। साथ ही उन्होंने तीन दिवसीय नशा मुक्ति शिविर का महत्त्व एवं उद्देश्य भी बताये। कार्यक्रम में लाखेरी से आए नशा मुक्त शिविर विशेषज्ञ भंवरलाल सैनी ने नशे की लत लगने के अनेक कारण बताते हुए उनके विभिन्न उपाय भी बताए।

# ई.आर.सी.पी. को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग

**लालसोट**, (निसं)। उपखंड के किशोरपुरा ग्राम पंचायत के खुर्रा गांव की रहने वाली प्रमुख महिला समाजसेवी राजेश्वरी देवी मीणा द्वारा ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग को लेकर एवं छूटे हुए अति आवश्यक बांधों को डीपीआर में जोड़ने की मांग को लेकर बांदीकुई से जयपुर तक पैदल मार्च कर सीएम आवास पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा से मुलाकात की।

- सीएम व प्रदेश प्रभारी रंधावा से की मुलाकात
- दो टूक कहा मांगें पूरी नहीं तो चुनाव से करेंगे किनारा



कांग्रेस के राजस्थान प्रदेश प्रभारी रंधावा ( दाएं से दूसरे ) को महिला समाजसेवी राजेश्वरी देवी ( बाएं से दूसरे ) के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा।

इस मुलाकात में मुख्यमंत्री गहलोत के सामने ईआरसीपी के संयुक्त मोर्चा की महिला समाजसेवी राजेश्वरी देवी खुर्रा एवं जवान सिंह मोहचा व किशोरपुरा ग्राम पंचायत सरपंच हरिओम मीणा आदि ने ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के साथ इस परियोजना की डीपीआर में छूटे हुए छोटे मोटे बांध आदि को जोड़ने की मांग की । जहां मुख्यमंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया कि वे ईआरसीपी परियोजना को लेकर गंभीर हैं।

निकाली गई जन संघर्ष पदयात्रा के अंतिम पड़ाव के बाद कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रभारी रंधावा से मुलाकात कर संयुक्त मोर्चा की प्रमुख महिला समाज सेवी राजेश्वरी देवी मीणा खुर्रा एवं जवान सिंह मोर्चा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अगर ईआरसीपी राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं की वह इसमें छूटे हुए बांधों को नहीं जोड़ा गया तो मोर्चा कांग्रेस पार्टी के साथ नहीं रहेगा एवं चुनाव के दौरान ऐसी पार्टियों का खुलकर विरोध किया जाएगा। इस मुलाकात के दौरान प्रदेश प्रभारी रंधावा ने कहा कि, वह इस मामले को लेकर ईआरसीपी के संयुक्त मोर्चा के साथ हैं और वह भी चाहते हैं कि ईआरसीपी राष्ट्रीय परियोजना घोषित हो साथ ही छूटे हुए छोटे मोटे बांधों को डीपीआर में शामिल हो ताकि किसानों एवं आम लोगों को इस योजना का भरपूर लाभ मिल सके। प्रमुख महिला समाज सेवी राजेश्वरी देवी मीणा एवं जवान सिंह मोर्चा सहित ईआरसीपी से जुड़े सैकड़ों प्रतिनिधियों द्वारा बांदीकुई से लेकर जयपुर तक जन संघर्ष पदयात्रा निकालकर सरकार का मामले की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। वही पिछले साल भी प्रमुख महिला समाजसेवी राजेश्वरी देवी मीणा खुर्रा खुद के गांव से मुख्यमंत्री तक यह बात पुरजोर तरीके से पहुंचाने के लिए पैदल मार्च कर चुकी है।

### चार ब्लॉक की कार्यकारिणी गठित

**दौसा**, (निसं)। जिला मुख्यालय पर जीवन धारा समाज कल्याण संस्थान दौसा में उप प्राचार्य के छह दिवसीय प्रशिक्षण के समापन के साथ ही राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद उप प्राचार्य के लालसोट सिकन्दरा रामगढ़ पचवारा एवं नांगल राजावतान ब्लॉक अध्यक्ष एवं महामंत्री का आम सहमति से मनोनयन किया गया।

प्रशिक्षण के अंतिम दिन उक्त ब्लॉक के उपस्थित सभी उप प्राचार्य ने सर्वसम्मति से अपने ब्लॉक के अध्यक्ष एवं महामंत्री पद पर निम्न उप प्राचार्य को नियुक्त किया है। लालसोट ब्लॉक अध्यक्ष पद पर रामलाल मीना राउमा विधालय रतनपुरा को एवं लालसोट ब्लाक महामंत्री पद पर कमलेश गौत्तम राउमा विधालय महारिया लालसोट ब्लॉक व रामगढ़ पचवारा से अध्यक्ष हरसहाय मीना राउमा विधालय कल्लावास, रामगढ़ पचवारा महामंत्री चंद्रमोहन बैरवा राउमा विधालय सोनड रामगढ़ पचवारा को नियुक्त किया गया। इसी तरह सिकंदरा ब्लॉक अध्यक्ष पद पर जगदीश बुनकर राउमा विधालय गंड़रावा सिकंदरा को व महामंत्री पद पर राजेश कसाना राउमा विधालय डोलिका सिकंदरा को मनोनित किया गया। नांगल राजावतान ब्लॉक अध्यक्ष पद पर राकेश महावर राउमा विधालय खवा रावजी को नांगल राजावतान महामंत्री महेंद्र कुमार मीणा राउमा विधालय नांगल राजावतान को जिम्मेदारी सौंपी गई।

# मेवात में हुई घटना के विरोध में बजरंग दल का प्रदर्शन

- जयपुर में सभी जगह हुआ प्रदर्शन, हज़ारों लोगों ने लिया भाग

**जयपुर**। मेवात में हिंदुओं पर हुए हमले के विरोध में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा जयपुर में विभिन्न स्थानों पर आक्रोश रैली निकालकर व पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए बजरंग दल जयपुर महानगर संयोजक सुमित खंडेलवाल, ने मेवात में हिंदुओं पर हमले का विरोध किया और नाराज़गी व्यक्त की। खंडेलवाल ने कहा की हरियाणा के मेवात में जेहादियों द्वारा ब्रजमंडल यात्रा पर सुनियोजित तरीके से पथराव किया गया। व्यापक स्तर पर आगजनी की गई, गोलियों बरसाई गई जिसमें कई लोगों की मृत्यु हो गई। यह घटना कट्टरवाद एवं आतंकवाद की पराकाष्ठा का उदाहरण है।

बजरंग दल जयपुर प्रांत के सहसंयोजक राकेश कुमार ने कहा कि यह घटना हिन्दूओं के प्रति नफरत को दर्शाती है। मेवात मिनी पाकिस्तान बनता जा रहा है। यहां हिंदू समाज पर सुनियोजित तरीक़े से आक्रमण किए जा रहे हैं, जिसको हिंदू समाज सहन नहीं करेगा। मेवात हिंसा में अभी भी 4 हिंदू भाई लापता है, बजरंग दल के अभिषेक समेत कुल तीन कार्यकर्ता की हत्या की गई है, जिसमें दो कार्यकर्ता को जला के मार दिया और एक कार्यकर्ता के 16 टुकड़े किए गए। इस तरह की घटनाओं को हिंदू समाज सहन नहीं करेगा। सभी वक्ताओं ने हिंदू समाज को संगठित होने और इस तरह की घटनाओं का संविधान सम्मत विरोध व्यक्त करने की बात कही। इस विरोध प्रदर्शन में जयपुर प्रांत के कुल 25 स्थानों एवं जयपुर महानगर के 5 स्थानों सांगानेर, गोपालपुरा, गुर्जर की थड़ी, भवानी निकेतन और ट्रांसपोर्ट नगर पर विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया गया । जयपुर के अलग अलग स्थानों पर प्रदर्शन महानगर मंत्री कुलदीप पारीक, सचिन कपूर, हितेश सिंह शेखावत, जितेश वर्मा, पंकज और जीत वर्मा के नेतृत्व में किये गए।